सूर्योदय - 06:46
सूर्यास्त - 05:27

अधिकतम तापमान 27.1°
न्यूनतम तापमान 12.1°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 114 गुरुग्राम (हरियाणा), 'गुरुवार 26 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

अधिकारी सीएम अनाउंसमेंट्स को पूरा करने में लाएं तेजी : नायब सिंह सैनी

कहा, मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रैलियों एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान की गई मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयावधि में पूरे करवाए जाएं ताकि जनता को इनका समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री विपुल गोयल, सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी तथा खेल मंत्री श्री गौरव गौतम सहित अनेक विधायक उपस्थित रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में संबंधित विभागों और विधायकों के बीच बेहतर समन्वय बेहद महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से विधायकों के साथ घोषणाओं की प्रगति का आकलन किया जा रहा है, ताकि लंबित विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके और उनके क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का समाधान सुनिश्चित हो।

अब तक की गई 7988 में 5743 घोषणाएं पूरी: मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दौरों के दौरान अब तक कुल 7988 घोषणाएं की गई हैं। इनमें से 5743 घोषणाओं से संबंधित कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 1101 पर तेजी से कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त, 805 घोषणाएं लंबित हैं तथा 339 घोषणाओं को क्रियान्वयन के लिए अव्यवहार्य (नॉट फिजिबल) पाया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित रैलियों के दौरान की जाने वाली घोषणाओं के लिए पहले से ही संबंधित विभागों से इनकी व्यवहारिकता के संबंध में सहमति ले ली जाती है, इसके बावजूद यदि भूमि की अनुपलब्धता सहित अन्य किसी कारण से घोषणा को पूरा करने के लिए क्रियान्वयन संभव नहीं हो पाता तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने विधायकों से कहा कि वे लंबित घोषणाओं पर विशेष ध्यान दें और संबंधित विभागों के साथ मिलकर इनके क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत दिनों विभिन्न विभागों के बजट एवं व्यय की भी समीक्षा की गई थी, ताकि उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए विकास परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके और आवंटित बजट का निर्धारित अवधि में सदुपयोग सुनिश्चित हो।

गोलमेज चर्चाओं में विभागवार हुई घोषणाओं की समीक्षा: बैठक के उपरांत 17 मेजों पर विभागवार गोलमेज चर्चाएं आयोजित की गईं। इस दौरान विधायकों ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की वर्तमान स्थिति, क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों और आगामी आवश्यक कार्रवाई पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इन चर्चाओं के दौरान लिए गए निर्णयों और निर्धारित कार्य-बिंदुओं को विभागवार संकलित किया जा जाएगा, ताकि उन पर प्रभावी कार्रवाई और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, डॉ. सुमिता मिश्रा, श्रीमती जी. अनुपमा, श्री अनुराग अग्रवाल, श्री विजयेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

गुरु रविदास जी के 'बेगमपुरा' के सपने को साकार कर रही डबल इंजन सरकार : मुख्यमंत्री नायब सैनी

कुरुक्षेत्र के उमरी में समरसता संकल्प यात्रा का किया भव्य स्वागत

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गुरु रविदास जी के 'बेगमपुरा' के सपने को धरातल पर साकार करने के लिए दिन-रात समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' वास्तव में गुरु रविदास जी की समरसता और समानता की विचारधारा का ही आधुनिक और व्यावहारिक रूप है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को कुरुक्षेत्र के उमरी में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650 वीं पावन जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा के स्वागत समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यात्रा का उमरी में पहुंचने पर स्वागत किया और श्री गुरु रविदास महाराज की चरण पादुकाओं को सिर पर रखकर मंच तक पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश वासियों को संविधान दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर और संविधान निर्माताओं को नमन किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समरसता संकल्प यात्रा का उद्देश्य संत गुरु रविदास जी के समानता, समरसता, सेवा, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा विभिन्न वर्गों को सामाजिक एकता के सूत्र में पिरोना है। उन्होंने कहा कि 18 नवंबर को जालंधर के डेरा सचखंड बल्लां से आरंभ हुई यह यात्रा 16 दिनों में लगभग 2,402 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यह यात्रा हरियाणा के 8 जिलों से होते हुए 3 दिसंबर को गुरु जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा गुरु रविदास जी के समता, भाईचारे, सामाजिक न्याय और सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय का जीवंत संदेश है। आज से साढ़े छह सौ वर्ष पूर्व, जब हमारा समाज तमाम तरह की कुरीतियों, ऊंच-नीच, भेदभाव और आडंबरों की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, तब काशी की पावन धरती पर एक ऐसे दिव्य सूर्य का उदय हुआ, जिसने अपने ज्ञान और भक्ति के प्रकाश से पूरे विश्व को आलोकित कर दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय भक्ति परंपरा में संत रविदास जी का स्थान अद्वितीय है।

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री दरबार साहिब में माथा टेकाऔर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए की अरदास



ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर अमृतसर स्थित सचखंड श्री हरमंदिर साहिब (श्री दरबार साहिब) पहुंचकर माथा टेका और गुरु घर में अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरु साहिब के चरणों में नमन करते हुए देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपनाते हुए हम सभी को मानवता, सेवा, समानता, भाईचारे और सद्भाव के मार्ग पर चलना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: नगाड़े की थाप पर थिरके लोग, डिजिटल क्योस्क पर बच्चों ने खेला हरियाणा क्विज

हरियाणा पवेलियन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं पर्यटक और खरीदार

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में लगाया गया हरियाणा पवेलियन इन दिनों मेले के सबसे आकर्षक केंद्रों में शामिल हो गया है। प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, उद्यमिता और आधुनिक विकास यात्रा को एक ही छत के नीचे प्रस्तुत करने वाले इस पवेलियन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आगंतुक पहुंच रहे हैं। कोई नगाड़े की थाप पर थिरकता दिखाई दे रहा है तो कहीं बच्चे डिजिटल क्योस्क पर हरियाणा से जुड़े सवालों के जवाब देने में मशगूल हैं। स्टॉलों पर खरीदारों की भीड़ ने पूरे परिसर को रौनक से भर दिया है।

नगाड़े की थाप पर गूंज रहा पवेलियन: हरियाणा पवेलियन में प्रवेश करते ही सबसे पहले जिस चीज पर ध्यान जाता है, वह है नगाड़े की गूंजती आवाज़। ग्रामीण हरियाणा की लोक परंपरा से जुड़े इस वाद्य यंत्र की ताल इतनी जोशीली है कि आने वाले लोग खुद को रोक नहीं पाते। देश के अलग-अलग राज्यों से आए पर्यटक हों या दिल्ली-एनसीआर के स्थानीय निवासी, युवा हों या बुजुर्ग, हर कोई इस ताल पर कदम मिलाता नजर आ रहा है। कई बार तो हालात ऐसे बन जाते हैं कि पवेलियन के मुख्य हिस्से में लोगों का घेरा बन जाता है और देखते ही देखते अनौपचारिक लोक नृत्य की महफिल सज जाती है। मेले में आए एक आगंतुक रजनीश ने कहा कि हरियाणा की लोक संस्कृति में जो ठेठ अपनापन और ऊर्जा है, वह यहां आकर सीधे महसूस होती है। उनका कहना था कि पवेलियन केवल देखने की जगह नहीं, बल्कि अनुभव करने की जगह है, जहां आने वाला हर व्यक्ति कुछ देर के लिए हरियाणा के गांव-देहात के माहौल में पहुंच जाता है। कई परिवार नगाड़े की थाप के साथ अपने मोबाइल फोन में यादगार वीडियो और तस्वीरें भी सहेजते दिखाई दिए।

डिजिटल क्योस्क पर बच्चों की धूम

पवेलियन का दूसरा बड़ा आकर्षण यहां लगे डिजिटल क्योस्क हैं। इन क्योस्क पर हरियाणा से जुड़े क्विज उपलब्ध हैं, जिनमें प्रदेश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, खान-पान, खेल उपलब्धियों, ऐतिहासिक स्थलों और विकास योजनाओं से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। स्क्रीन पर सवाल आते ही बच्चों में सही जवाब देने की होड़ लग जाती है। कहीं बच्चे समूह बनाकर एक साथ उत्तर तलाश रहे हैं तो कहीं अभिभावक अपने बच्चों को संकेत देकर प्रोत्साहित करते दिखाई दे रहे हैं। इस पहल की खास बात यह है कि यहां ज्ञान और मनोरंजन का अनूठा मेल देखने को मिल रहा है। पारंपरिक तरीके से जानकारी पढ़ने के बजाय बच्चे खेल-खेल में कुरुक्षेत्र की धरती, गीता की भूमि, प्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धियों और हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जान रहे हैं। कई बच्चे एक से अधिक बार क्विज खेलने के लिए कतार में लगे दिखे, ताकि वे अपना स्कोर सुधार सकें। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल दौर में बच्चों से जुड़ने का यह प्रभावी तरीका है।

स्टॉलों पर खरीदारों की भीड़

पवेलियन में लगे विभिन्न स्टॉल भी लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। यहां प्रदेश के कारीगरों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादकों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। हस्तशिल्प, हथकरघा वस्त्र, पारंपरिक परिधान, सजावटी सामान और खान-पान से जुड़े उत्पादों के स्टॉलों पर दिनभर आगंतुकों की आवाजाही बनी रहती है। लोग न केवल उत्पादों को देख रहे हैं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, कारीगरी और कीमत के बारे में जानकारी लेकर खरीदारी भी कर रहे हैं।

हरियाणा में वैश्विक निवेश को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जाएगा यूके और जर्मनी दौरे पर

ओपन सर्च/ब्यूरो



- 28 नवंबर से 5 दिसंबर तक प्रमुख उद्योगपतियों, वैश्विक निवेशकों, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के साथ होंगी महत्वपूर्ण बैठकें
- व्यापार, निवेश, शिक्षा, कौशल विकास और एआई तकनीक पर सहयोग पर होगी चर्चा, जर्मनी में होगा हरियाणा का स्टेट रोड-शो

चंडीगढ़। हरियाणा में वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक एवं निवेश मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 28 नवंबर से 5 दिसंबर, 2026 तक यूनाइटेड किंगडम (यूके) और जर्मनी के दौरे पर रहेगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल प्रमुख वैश्विक कंपनियों, निवेशकों, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करेगा। प्रतिनिधिमंडल में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नरबीर सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहेंगे। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में पहले भी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान, सिंगापुर और स्वीडन का दौरा कर चुका है। इन दौरों के दौरान विभिन्न कंपनियों के साथ निवेश, औद्योगिक सहयोग और साझेदारी को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं और लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निवेश के लिए सहमति बनी है। इसी कड़ी में अब प्रतिनिधिमंडल यूनाइटेड किंगडम (यूके) और जर्मनी के दौरे पर जा रहा है।

व्यापार, निवेश, शिक्षा, AI और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर होगा फोकस

डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि यूके दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल विभिन्न बिजनेस लीडर्स, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेगा। इसके अतिरिक्त, सी.आई.आई. के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी हरियाणा में निवेश की संभावनाओं और औद्योगिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री हरियाणा मूल के प्रवासी भारतीयों से भी संवाद करेंगे और उन्हें प्रदेश की विकास यात्रा से जुड़ने तथा हरियाणा में निवेश के माध्यम से राज्य की आर्थिक प्रगति में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित करेंगे। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मुख्यमंत्री विभिन्न प्रमुख उद्योगों, कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठकें करेंगे। इसके साथ ही भारत-यूके व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (CETA) के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार एवं निवेश की संभावनाओं को लेकर विशेष राउंडटेबल बैठकें आयोजित की जाएंगी।

हरियाणा में आधार सेवाओं की पहुंच होगी और आसान, UIDAI ने 17 आधार सेवा केंद्र किए स्थापित

ओपन सर्च/ब्यूरो

- प्रदेश के 17 जिलों में संचालित हो रहे आधार सेवा केंद्रों पर मिलेंगी आधार से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं, नए आधार नामांकन की सेवा पूरी तरह निःशुल्क

चंडीगढ़। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा हरियाणा के नागरिकों को आधार सेवाएं सुगमता से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रदेश में 17 आधार सेवा केंद्र (ASK) संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को आधार से संबंधित सेवाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध हो रही हैं। इससे नागरिकों को सामान्य आधार संबंधी कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से UIDAI के क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

UIDAI द्वारा स्थापित ये आधार सेवा केंद्र हिसार, गुरुग्राम, सोनीपत, यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, सिरसा, कैथल, भिवानी, पानीपत, मेवात (नूंह), जींद, झज्जर, करनाल, रोहतक और पलवल में स्थित हैं। इन केंद्रों का उद्देश्य नागरिकों को आधार सेवाओं के लिए अतिरिक्त सुविधा और आसान पहुंच उपलब्ध करवाना है। नागरिक अपने निवास स्थान के नजदीक स्थित आधार सेवा केंद्र पर जाकर सुविधानुसार सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। ये केंद्र पहले से संचालित अन्य आधार नामांकन एवं अपडेट केंद्रों के अतिरिक्त सुविधा केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं। हिसार का आधार सेवा केंद्र SCO-43, प्रथम तल, सेक्टर-13, मेन पार्किंग, तोशाम रोड, डाबचौक के नजदीक स्थित है। गुरुग्राम में यह प्लॉट नंबर 804, प्रथम तल, चक्करपुर मेन मार्केट रोड, सरस्वती विहार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में है। सोनीपत में U-38, ओल्ड महावीर कॉलोनी, पुरखास रोड, HP पेट्रोल पंप के नजदीक, यमुनानगर में SCO नंबर 3/4, आनंद कॉलोनी, गाबा अस्पताल के नजदीक, अंबाला में SCO-19, हुडा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-9 तथा कुरुक्षेत्र में SCO-94, सेक्टर-17, हुडा में आधार सेवा केंद्र संचालित हैं।

इसी प्रकार फतेहाबाद में स्ट्रीट नंबर-3, सूर्या एन्क्लेव, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के नजदीक, सिरसा में ओल्ड कोर्ट कॉलोनी, ट्रैफिक थाने के सामने, कैथल में मध्य मार्ग, नेहरू गार्डन कॉलोनी, गली नंबर-8 के नजदीक, भिवानी में SCO-3, हुडा मार्केट तथा पानीपत में जाटल रोड, संजय चौक के नजदीक आधार सेवा केंद्र स्थित हैं। नूंह (मेवात) में दिल्ली-अलवर रोड, बालाजी पेट्रोल पंप के सामने, हिदायत कॉलोनी, जींद में SCO-191, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर, LIC कार्यालय एवं जिला न्यायालय के नजदीक, झज्जर में रोहतक रोड, भगत सिंह चौक के नजदीक, करनाल में SCO-40, सेक्टर-6 मेन मार्केट रोड, रोहतक में पैसिफिक सिटी सेंटर, जाट भवन के नजदीक तथा पलवल में सिविल लाइंस कॉलोनी, मथुरा रोड पर आधार सेवा केंद्र उपलब्ध हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इन केंद्रों पर नागरिकों को नया आधार नामांकन करवाने, नाम, पता, जन्मतिथि और लिंग जैसे जनसांख्यिकीय विवरणों में संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट तथा UIDAI के दिशा-निर्देशों के अनुसार अन्य आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। नया आधार बनवाने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है, जबकि अन्य सेवाओं के लिए, जहां लागू हो, UIDAI द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जाता है। ये आधार सेवा केंद्र सभी आयु वर्गों के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इनमें बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए भी सुलभ, समावेशी एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले नागरिकों को आधार संबंधी कार्य करवाने के लिए अधिक सुविधाजनक विकल्प मिल रहे हैं। UIDAI के क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ में किसी विशेष कार्य के लिए जाने वाले नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा से 10 से 15 दिन पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट अवश्य बुक कर लें।

हिन्दी दैनिक ओपन सर्च

गुरुग्राम सर्च

गुरुग्राम (हरियाणा), गुरुवार, 26 नवंबर 2026
www.opensearch.co.in

गुरुग्राम में गंदगी और प्रदूषण फैलाने वालों पर निगम की सख्ती, 25 दिन में वसूला 52.42 लाख का जुर्माना

प्रतिबंधित पॉलीथिन के इस्तेमाल पर कटे सर्वाधिक 576 चालान; निर्माण व धूल नियंत्रण नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी गिरी गाज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। शहर में गंदगी फैलाने, प्रतिबंधित पॉलीथिन इस्तेमाल करने और प्रदूषण के नियमों की अनदेखी करने वालों पर नगर निगम गुरुग्राम ने शिकंजा कस दिया है। निगम की टीमों ने महज 25 दिनों में अलग-अलग उल्लंघनों के 1420 चालान काटकर 52 लाख 42 हजार 400 रुपये का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई में सबसे ज्यादा मामले प्रतिबंधित पॉलीथिन के इस्तेमाल के सामने आए। वहीं, कूड़ा जलाने और सार्वजनिक स्थानों पर थूकने वालों पर भी निगम ने कार्रवाई की।

निगम के आंकड़ों के मुताबिक, 1 से 25 नवंबर तक प्रतिबंधित पॉलीथिन के इस्तेमाल पर 576 चालान कर 4.56 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने के 227 मामलों में 22,700 रुपये और डस्टबिन का इस्तेमाल नहीं करने पर 189 चालान काटकर 94,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कूड़ा जलाने के 109 मामलों में 5.45 लाख रुपये का जुर्माना ठोका गया।

वहीं निर्माण और प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी निगम ने सख्ती दिखाई। निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर 45 मामलों में 15.40 लाख रुपये और धूल नियंत्रण के आदेशों की अवहेलना करने पर 59 मामलों में 14.75 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सीएंडडी वेस्ट के 21 मामलों में 4.40 लाख रुपये तथा बिना ढके निर्माण सामग्री ले जाने पर 23 चालान कर 1.15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा पानी की बर्बादी, अवैध डंपिंग, नो स्मोकिंग जोन में धूम्रपान और खुले में गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। निगमायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नियमों का पालन जरूरी है।

अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से पॉलीथिन का इस्तेमाल नहीं करने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और निर्माण सामग्री ढककर रखने की अपील की है।

क्रिकेट एकेडमी में चोरी करने वाला नशेड़ी गिरफ्तार



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। टीकली गांव स्थित क्रिकेट एकेडमी से चोरी करने के मामले में सोहना क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया टीवी भी बरामद कर लिया है। आरोपी नशे का आदी है और उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को क्रिकेट एकेडमी संचालक ने थाना बादशाहपुर में शिकायत देकर बताया था कि 15-16 नवंबर की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने एकेडमी से एलसीडी, डीवीआर और वाईफाई राउटर चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान सोहना क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए 24 नवंबर को टीकली गांव से पारस (29) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया एक टीवी बरामद किया है। पुलिस अब वारदात में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत, चालक फरार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-31 रेडलाइट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में विकास सिंह ने बताया कि उनके चाचा संजय कुमार 24 नवंबर की रात करीब 10:50 बजे सेक्टर-40 मार्केट से घर की तरफ जा रहे थे। जब वह सेक्टर-31 रेडलाइट के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह सडक़ पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर विकास भी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने संजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। विकास ने पुलिस को बताया कि हादसे में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान नहीं हो सकी है। शिकायत के आधार पर सेक्टर-40 थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले की जांच कर रहे एएसआई कृष्ण कुमार ने कहा कि पुलिस अब फरार वाहन चालक की पहचान करने और हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

तीन लाख रुपए मांगे तो रिश्तेदार ने साथियों संग मिलकर पीटा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। तीन साल पहले शादी के समय दिए तीन लाख रुपए वापस मांगे तो रिश्तों की मर्यादा ही तार-तार हो गई। रिश्तेदार ने रुपए लौटाने के बजाय पीड़ित को ठिकाने पर बुलाकर अपने साथियों के साथ बेरहमी से पीटा। वहीं उसे लहूलुहान हालत में बीच बाजार छोड़ दिया और फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी सोने की चेन, लॉकेट और मोबाइल भी छीन लिया गया। हैरानी की बात यह है कि आरोपी अस्पताल में भी उसे धमकाने पहुंच गए। वहीं, पुलिस ने शिकायत मिलने के बावजूद 9 दिन बाद मामला दर्ज किया। आचार्य पुरी निवासी आनंद ने पुलिस को बताया कि झज्जर के गांव सिलानी निवासी उसके रिश्तेदार योगेश ने करीब तीन साल पहले शादी के समय उससे तीन लाख रुपए, एसी और अन्य सामान लिया था। कई बार रुपए वापस मांगे, लेकिन योगेश हर बार टालता रहा। आरोप है कि 15 नवंबर को योगेश ने हिसाब करने के बहाने उसे सेक्टर-15 मार्केट बुलाया। वहां पहुंचते ही योगेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। हमले के बाद परिजन आनंद को सेक्टर-10 सिविल अस्पताल ले गए। पीड़ित का आरोप है कि उपचार के दौरान आरोपी अस्पताल पहुंचे और उसे धमकी दी। वारदात के दौरान छीना गया मोबाइल भी उसके बेड पर रखकर चले गए। आनंद ने मारपीट की वीडियो भी पुलिस को सौंपी है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने एक सप्ताह तक कार्रवाई नहीं की। आला अधिकारियों तक मामला पहुंचने के बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस ने 9 दिन बाद केस दर्ज किया। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच जारी है।

पुलिस की मैन-टू-मैन मार्किंग से तस्करों पर शिकंजा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। साइबर सिटी में नशा तस्करों और सप्लायरों की पहचान कर पुलिस उनकी मैन-टू-मैन मार्किंग कर रही है। नतीजन 1 अगस्त से 24 नवंबर 2026 तक पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 160 मामलों में 213 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से 806 किलो 591 ग्राम गांजा समेत भारी मात्रा में अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों से 344 ग्राम अफीम, 498 ग्राम चरस, 169 ग्राम स्मैक, 59 ग्राम सुल्फा, 328 ग्राम हेरोइन, 279 ग्राम कोकीन और 400 ग्राम एमडीएमए भी बरामद हुआ है। पुलिस अब नशा बेचने वालों के साथ-साथ उन्हें मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाले सप्लायरों और पूरे नेटवर्क पर नजर रख रही है। गुरुग्राम पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को चिन्हित कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशे की बिक्री, सप्लाई और तस्करी में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

कार के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने पर कटेगा दस हजार का चालान, 24 दिन में 525 पर कार्रवाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। कार के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाकर रौब झाड़ना वाहन चालकों को महंगा पड़ रहा है। गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसते हुए महज 24 दिनों में 525 चालान काटकर 52.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। नियम तोडऩे वाले प्रत्येक वाहन चालक को 10 हजार रुपए का फटका लगा है। पुलिस के अनुसार, 1 से 24 नवंबर तक विशेष अभियान चलाकर निर्धारित मानकों के विरुद्ध ब्लैक फिल्म लगे वाहनों को निशाना बनाया गया। पुलिस का कहना है कि काले शीशों के कारण वाहन के अंदर बैठी सवारियों और गतिविधियों पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है। इससे सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बढ़ती हैं और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी भी प्रभावित होती है। यातायात पुलिस ने साफ कर दिया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। शहर में चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा और उल्लंघन मिलने पर चालान काटे जाएंगे।

कार में टक्कर लगने को लेकर पुलिस ने नहीं कार्रवाई, पुलिस कर्मी पर शराब के नशे में धक्का-मुक्की करने का आरोप



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। बिलासपुर थाना क्षेत्र में एक कार में दूसरे वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक ने इस संबंध में बिलासपुर थाना में पुलिस को शिकायत दी तो उसे करीब दो घंटे तक थाने में रिसीविंग देने के नाम पर बैठाए रखा और कार्रवाई भी नहीं की। यही नहीं पीड़ित ने बिलासपुर थाना में एक पुलिसकर्मी द्वारा शराब के नशे उससे धक्का-मुक्की करते हुए गाली-गलौज भी करने का आरोप लगाया। गुरुग्राम के सेक्टर-51 हाउसिंग बोर्ड कालोनी के निवासी मंदीप लांबा ने बताया कि वह अपनी रिट्ज कार से गत मंगलवार को धारुहेड़ा की ओर जा रहा था तो पीछे से एक अन्य वाहन ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसकी कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। पहले उसने इस संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल कर शिकायत दी। इसके बाद बिलासपुर थाना में जामकर लिखित शिकायत दी। इस शिकायत की जब पीड़ित मंदीप लांबा ने रिसीविंग मांगी तो उसे करीब दो घंटे तक थाना में बैठाए रखा। इसके बाद जब उसने अपने वकील से बात करने का प्रयास किया तो उसे एक पुलिसकर्मी ने कहा कि उसके सामने पूरा हाईकोर्ट बैठा है और यह कहते हुए मंदीप के साथ धक्का-मुक्की की और गाली-गलौज करते हुए थाने से बाहर निकाल दिया। वहीं पीड़ित का कहना है कि वे इस संबंध में पुलिस कमिश्नर गुरुग्राम को लिखित शिकायत देंगे।

कोलकाता में इंटरनेशनल कान्फ्रेंस के दौरान गुरुग्राम के डॉ. भरत सिंह को "लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के गुरुग्राम के शिकोहपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ. भरत सिंह को उनके द्वारा कृषि क्षेत्र में किये गये सराहनीय कार्यों के लिए "लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 "शोभित इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, शोभित यूनिवर्सिटी, मोदीपुरम, मेरठ के पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) अमर प्रसाद गर्ग, निदेशक एवं अध्यक्ष, डिपार्टमेन्ट ऑफ बायोलॉजीकल साइंस, महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (मध्यप्रदेश) डॉ. रमेश चंद्र त्रिपाठी, एटीडीएस सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ.अनंत कुमार व सेक्रेटरी डॉ. जोगिंदर सिंह, प्रोफेसर (डॉ.) एच. शिवानंदा मूर्थी तथा अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रदान किया। डॉ.भरत सिंह को यह अवार्ड जूलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया व नेशनल लाइब्रेरी, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, कोलकाता में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस "ट्रांसफॉर्मिंग साइंस, एग्रीकल्चर, एंड बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन: इन्नोवेशन फॉर रेसीलिएंट फ्यूचर" के दौरान दिया गया। यह कॉन्फ्रेंस आईसीएआर- सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ फ्रेश वाटर एक्वाकल्चर, भुवनेश्वर, उड़ीसा, एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी डेवलपमेंटल सोसाइटी, गाजियाबाद जाधवपूर, यूनिवर्सिटी, कोलकाता, वेस्ट बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी, बरासात, नॉर्थ 24, परगना, वेस्ट बंगाल, यूनिवर्सिटी ऑफ कल्याणी, नदिया, वेस्ट बंगाल, कैलाडी शिवपा नायका यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड हॉरटिकल्चरल साइंसैस शिवमोगा, कर्नाटका, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल इनवेंसन एंड एमीगो पब्लिशर, महाराष्ट्र इत्यादि संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गयी। डॉ. सिंह कॉन्फ्रेंस के दौरान बाजरा व मक्का फसल के बेहद हानिप्रद कीट फॉलआर्मी वार्म एवं ईयरहैड वार्म के प्रभावी ढंग से प्रबंधन हेतु वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित बेहतरीन प्रस्तुति दी।

उन्होंने हमेशा कृषि एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। उनकी विशेषज्ञता फसलों में समन्वित कीट व रोग प्रबंधन, जैविक कीट प्रबंधन वातावरण के प्रति सुरक्षित कृषि में रसायनों का प्रयोग, किसानों एवं युवाओं के प्रति स्वरोजगार पूरक व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे वर्मीकंपोस्ट व मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन तथा जैविक खेती जैसे विषयों पर सैकड़ों से अधिक की संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। अनुसंधान पर आधारित, अनुसंधान पेपर व किताब लेखन के प्रति विशेष रुचि रही। उन्होंने अपनी इन तमाम उपलब्धियों का श्रेय कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोगी वैज्ञानिकों, क्षेत्र के सभी किसानों को दिया। डॉ. सिंह ने इस अवसर पर उनके कार्य के प्रचार प्रसार में शामिल सभी मीडिया बन्धुओं का हार्दिक अभिवादन किया।

गांजा व चिट्टा सप्लाई करते तीन गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल सिकंदरपुर की टीम ने सेक्टर-5 में शीतला माता मंदिर के पास से 4 किलो 884 ग्राम गांजे के साथ 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। वहीं, मानेसर क्राइम ब्रांच ने चिट्टा बेचने के मामले में पहले एक आरोपी को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर नशा सप्लाई करने वाले दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

पहले मामले में पकड़े गए आरोपी की पहचान बिहार के मधुबनी निवासी पवन (21) के रूप में हुई है। वह फिलहाल डीएलएफ फेज-4 में रह रहा था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने गांजा एक अन्य व्यक्ति से 60 हजार रुपये में खरीदा था और उसे गुरुग्राम में बेचने की तैयारी में था। पुलिस ने उसके कब्जे से 4 किलो 884 ग्राम गांजा बरामद किया। उसके खिलाफ सेक्टर-5 थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

प्रदूषण और जाम पर निगमायुक्त सख्त, अटके सडक़ सुधार के काम जल्द पूरे करने के निर्देश

-33 जाम प्वाइंट में से 30 सुधारे, 96 आईटीएमएस इकाइयां स्थापित

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। शहर में बढ़ते प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और बदहाल सडक़ों को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। वार्षिक कार्ययोजना-2026 की समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण और सडक़ सुधार के कामों में देरी बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों को लंबित परियोजनाएं निर्धारित समय में पूरी करने और अपडेटेड आंकड़ों के साथ प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि ट्रैफिक जाम के लिए चिह्नित 33 स्थानों में से 30 पर सुधार कार्य पूरा हो चुका है। आईटीएमएस के तहत 96 इकाइयां स्थापित की गई हैं, जबकि 69 पर काम जारी है। निगमायुक्त ने कैमरे लगाने और नियमित डाटा रिपोर्टिंग में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। पर्यावरण संरक्षण के तहत शहर में अब तक

■ शहर में लगाए 41 हजार पेड़ और 4 लाख झाड़ियां

41 हजार पेड़ और 4 लाख झाड़ियां लगाई जा चुकी हैं। निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरे के प्रतिदिन 1500 मीट्रिक टन प्रसंस्करण का लक्ष्य भी हासिल किया गया है। वहीं, 19 एंटी-स्मॉग गन चालू हैं, जबकि 10 वाटर स्प्रिंकलर में से केवल छह काम कर रहे हैं। शेष चार को तीन से चार दिन में चालू करने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक परिवहन के तहत गुरुग्राम और फरीदाबाद में 200 नई बसें शामिल करने का 50 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुका है। वहीं, 80 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों में से 25 शुरू किए गए हैं। शेष दिसंबर तक चालू करने का लक्ष्य है।

डॉ. पंकज ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि समीक्षा बैठकों में केवल वही नोडल अधिकारी आएं, जिन्हें अपने विभाग के कार्यों की पूरी जानकारी हो। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण, सुगम यातायात और बेहतर नागरिक सुविधाएं निगम की प्राथमिकता हैं। सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें और लंबित कार्यों को समय पर पूरा करें।

चुनावी रंजिश में दो पक्षों में खूनी-संघर्ष, जमकर चले लाठी-डंडे, युवक गंभीर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सोहना के सदर थाना क्षेत्र के गांव टेठड़ बादशाहपुर में पुरानी रंजिश और गली के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सोहना के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गुरुग्राम रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

गांव निवासी नरेंद्र ने आरोप लगाया कि वह आगामी सरपंच चुनाव की तैयारी कर रहा है। इसी को लेकर पूर्व सरपंच देवराज और उनके परिवार के लोग उससे रंजिश रखते हैं। नरेंद्र के मुताबिक, इसी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष के लोगों ने उसके परिवार पर हमला कर दिया और उसके बेटे के साथ मारपीट की। हमले में उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। नरेंद्र ने गांव में पहले हुई चोरी की एक घटना को लेकर भी पुरानी रंजिश होने का आरोप लगाया। वहीं, पूर्व सरपंच देवराज ने नरेंद्र के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि विवाद का सरपंच चुनाव या चोरी की घटना से कोई लेना-देना नहीं है। उनके अनुसार, उनके परिवार की पुरानी पारिवारिक गली है, जिसके ऊपर नरेंद्र और उसके बेटे ने कथित तौर पर जबरन लेंटर डालकर रास्ता बंद कर दिया। इसका विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। देवराज ने यह भी आरोप लगाया कि झगड़े में उनके पक्ष के लोगों को भी चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम में 18वीं राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर युवाओं ने संसदीय कार्यवाही का किया जीवंत प्रदर्शन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज आवश्यकता है कि लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाए। यही भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह विचार राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय युवा संसद में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। राष्ट्रीय संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस युवा संसद का आयोजन भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि सुभाष बराला ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके सपनों के अनुरूप लैंगिक समानता, सामाजिक समरसता और समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा मॉडल संसद की प्रभावशाली प्रस्तुति और संसदीय कार्यवाही के जीवंत प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के श्रेष्ठ संविधानों में से एक है। युवाओं को संविधान की प्रमुख विशेषताओं का अध्ययन करने के साथ उसमें निहित संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने कहा कि भारतीय संविधान ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित भारत का विजन प्रस्तुत किया है। विद्यार्थियों एवं युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे संवैधानिक मूल्यों को अपने आचरण का आधार और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाएंगे।

बंद रैन बसेरे की कबाड़ बस में लगी आग, बसई चौक पर मची अफरा-तफरी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नगर निगम की अनदेखी का नतीजा बुधवार दोपहर बसई चौक पर देखने को मिला। यहां सालों से बंद पड़े रैन बसेरे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते जर्जर बस आग की लपटों से घिर गई। धुआं उठता देख आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे के समय बस में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जान का नुकसान नहीं हुआ। दरअसल, बेघर और जरूरतमंद लोगों को रात में ठहरने की सुविधा देने के लिए नगर निगम ने कई साल पहले रोडवेज की एक स्क्रैप बस को मॉडिफाई कर अस्थायी रैन बसेरा बनाया था। शुरुआत में इसका इस्तेमाल भी हुआ, लेकिन उचित रखरखाव और देखरेख के अभाव में यह व्यवस्था कुछ समय बाद दम तोड़ गई। पिछले कई वर्षों से बसई चौक के पास खड़ी यह बस पूरी तरह गैर-चालू हालत में थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, लावारिस पड़ी बस धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील हो गई। सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण चोर इसके कीमती और लोहे के अधिकतर हिस्से निकालकर ले गए। बस का जर्जर ढांचा ही मौके पर बचा था। आरोप है कि यह जगह असामाजिक तत्वों और नशेडिय़ों का अड्डा बनती जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार को अचानक बस के अंदर से धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग ने बचे हुए हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आशंका जताई जा रही है कि किसी असामाजिक तत्व ने बस में आग लगाई होगी। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर निगम समय रहते इस कबाड़ बस को हटवा देता या इसका उचित रखरखाव करता तो ऐसी नौबत नहीं आती। लोगों ने बंद पड़े रैन बसेरे और सरकारी संपत्ति की बदहाली पर भी सवाल उठाए हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें अधिकारी : डॉ. सुषमा गोरियाल

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य ने गुरुग्राम में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, सफाई कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े कार्यों की ली जानकारी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा गोरियाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज और शहर की स्वच्छता व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारी सफाई कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। डॉ गोरियाल बुधवार को गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक के दौरान डॉ. सुषमा गोरियाल ने नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कर्मचारियों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तथा उनके लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। सफाई कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और उनका उपयोग भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के साथ-साथ उनके परिवारों के कल्याण पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।



आयोग की सदस्य ने कहा कि सीवर की सफाई के दौरान किसी भी कर्मचारी की जान जोखिम में नहीं पड़नी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों की पूरी तरह पालना की जाए। सीवर सफाई के दौरान किसी कर्मचारी की मृत्यु होने की स्थिति में उसके आश्रित परिवार को निर्धारित मुआवजा तय समय सीमा में उपलब्ध करवाया जाए। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों को मिलने वाली अन्य सरकारी सहायता और पुनर्वास संबंधी लाभ भी सुनिश्चित किए जाएं। डॉ. सुषमा गोरियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप मिला है और सफाई कर्मचारियों के सम्मान एवं उनके जीवन स्तर में सुधार को विशेष महत्व दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने स्वयं सफाई कर्मचारियों के साथ संवाद कर और उनके सम्मान को प्राथमिकता देकर समाज को यह संदेश दिया है कि राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, कर्मचारियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और अधिकारियों को भी इन प्रयासों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए। बैठक में गुरुग्राम नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, एसीपी कपिल, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान, डिप्टी डीईओ गीता आर्य, एलडीएम विनोद बजाज, तहसील कल्याण अधिकारी जितेंद्र, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री सुंदरकांड पाठ के सात वर्ष पूरे, श्रद्धालुओं का जताया आभार

ओपन सर्च/ ब्यूरो

झज्जर। सिद्ध श्री 1008 बाबा कांशीगिरि महाराज मंदिर में 330 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। पंडित पवन ने कहा कि सनातन धर्म में कार्तिक पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है।

यह तिथि भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित होती है। इस दिन श्रीहरि की उपासना करने से साधक को जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति होती है। योगेश रंजन व सुधांशु हंस ने गुरुनानक जयंती व कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व की श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। वही सुंदरकांड पाठ के सात वर्ष पूरे होने पर श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के शुभावसर पर ब्रह्मलीन पंडित भगवान दास अग्निहोत्री के शुभाशीष से प्रभु श्रीराम भक्त हनुमान जी की कृपा से बाबा के भक्तों के सहयोग से सात वर्ष पूर्व प्रथम सुंदरकांड पाठ आरम्भ किया था,



जो निरन्तर सात वर्षों से जारी है। हेमन्त वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, पवन कौशिक, राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, रमेश लखेरा, वीना वर्मा, विशन वधवा, हिमांशी अरोड़ा, सुरेश गाबा, डिम्पल जितेंद्र वर्मा, ज्योति नागपाल, रोजी नारंग सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर ताराचंद भूटानी ने दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना..राजेंद्र वधवा ने खुश होंगे हनुमान, राम राम किए जा, लिखा था राम नाम वो, पत्थर भी तर गए.. योगेश रंजन ने दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना.... भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने रोजी नारंग को विवाह वर्षगांठ क़ि बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस दौरान बाबा चालीसा, हनुमान चालीसा, आरती के उपरांत सीमित की ओर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर मन्दिर समिति के प्रधान सुधांशु हंस, उपप्रधान पदम् खट्टर, प्रदीप काठपालिया, उमंग खुराना, निखिल सलूजा, शीला चुघ, नीलम गाबा, जय प्रकाश गुप्ता, विकास नरुला, अनूज नागपाल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

केमिकल सेफ्टी टैंक हादसे में तीन सफाई कर्मचारियों की मौत पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने लिया संज्ञान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा गोरियाल ने गुरुग्राम में 11 नवंबर को भौंडसी स्थित एक कंपनी के केमिकल सेफ्टी टैंक में जांच के दौरान तीन कर्मचारियों की हुई मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने संबंधित कंपनी के परिसर में पहुंचकर हादसे से जुड़े तथ्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कंपनी प्रबंधन और मृतक कर्मचारियों के परिजनों के साथ संयुक्त बैठक कर पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की तथा पीड़ित परिवारों को न्याय एवं नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाने के निर्देश दिए। डॉ. सुषमा गोरियाल ने कंपनी प्रबंधन को निर्देश दिए कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों की पूर्ण अनुपालना करते हुए मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को निर्धारित मुआवजा उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के तहत पात्र



मृतक सफाई कर्मचारियों के परिवारों को 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। इसलिए मुआवजा वितरण की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कंपनी अपने सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि आयोग इस मामले में पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने तथा जिम्मेदार पक्षों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा। इस दौरान गुरुग्राम नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, एसीपी कुलदीप, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान, तहसील कल्याण अधिकारी जितेंद्र तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

खुले में घूमते पशुओं और स्ट्रीट डॉग्स के प्रबंधन को लेकर एमसीजी की कार्रवाई तेज, 37 पशु और 17 स्ट्रीट डॉग्स पकड़े

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर में खुले में घूमने वाले पशुओं और स्ट्रीट डॉग्स के उचित प्रबंधन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को निगम की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए खुले में घूमने वाले 37 पशुओं को पकड़ा और उन्हें सुरक्षित रूप से गौशालाओं एवं नंदीशालाओं में भेजा। इसके अतिरिक्त, निगम की टीमों ने सेक्टर-52 और सेक्टर-12/12ए से 17 स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ा। पकड़े गए डॉग्स का निर्धारित प्रक्रिया के तहत टीकाकरण एवं बंध्याकरण किया जा रहा है। नगर निगम की टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रही हैं, ताकि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर खुले में घूमने वाले पशुओं के कारण यातायात एवं आमजन की सुरक्षा



प्रभावित न हो। वहीं, स्ट्रीट डॉग्स के प्रबंधन के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

पशु प्रबंधन और जनसुरक्षा पर विशेष ध्यान: निगमायुक्त

निगमायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि शहर में खुले में घूमने वाले पशुओं और स्ट्रीट डॉग्स का उचित प्रबंधन नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। हमारा प्रयास है कि पशुओं के प्रबंधन के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। संबंधित अधिकारियों और टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को निरंतर जारी रखें तथा पशुओं के साथ मानवीय व्यवहार करते हुए निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने पशुपालकों से भी अपील की कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें और उनकी उचित देखभाल करें। उन्होंने नागरिकों से अभियान में सहयोग करने तथा पशुओं से संबंधित समस्याओं की सूचना निगम को देने का आग्रह किया।

निगमायुक्त डॉ. पंकज ने 30 से अधिक आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से किया संवाद, नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान के अधिकारियों को निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शहर की नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्थानीय समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. पंकज ने बुधवार को 30 से अधिक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद किया। बैठक में यूजीआर सहित विभिन्न क्षेत्रों के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने इलाकों की समस्याएं निगमायुक्त के समक्ष रखीं। इस दौरान सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति, सामुदायिक केंद्रों, बागवानी, पार्कों, सड़कों और सीवर व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में आ रही समस्याओं से निगमायुक्त को अवगत कराया।



अधिकारियों को आरडब्ल्यूए के साथ नियमित संपर्क रखने के निर्देश

निगमायुक्त डॉ. पंकज ने सभी संयुक्त आयुक्तों और कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की आरडब्ल्यूए के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि समस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद से क्षेत्रवार समस्याओं की पहचान करने और उनके समाधान में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

नागरिकों की भागीदारी से बेहतर होंगी शहर की सुविधाएं: निगमायुक्त

निगमायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों की समस्याओं और नागरिकों की अपेक्षाओं से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए उनके सुझाव और फीडबैक हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आरडब्ल्यूए के साथ नियमित समन्वय रखें और सामने आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान करें। हमारा प्रयास है कि केवल शिकायतों का निस्तारण ही नहीं, बल्कि नागरिकों को धरातल पर बेहतर सुविधाओं का अनुभव भी हो। उन्होंने आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से भी कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं और सुधार संबंधी सुझावों को निगम के साथ साझा करते रहें, ताकि आपसी समन्वय और जनभागीदारी से गुरुग्राम की नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

15 दिसंबर को मुख्यमंत्री तीर्थयात्रियों की ट्रैन को हरी झंडी दिखा कर करेंगे रवाना

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को निःशुल्क वाराणसी तीर्थ यात्रा करवाएगी हरियाणा सरकार, आवेदन के लिए खुला पोर्टल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रदेश के बुजुर्ग श्रद्धालुओं को 15 दिसंबर को 4 दिवसीय निःशुल्क वाराणसी तीर्थ यात्रा करवाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रैन को हरीझंडी दिखाकर रवाना करेंगें। यात्रा के लिए पात्र श्रद्धालुओं से आवेदन आमंत्रित करने हेतु पोर्टल खोल दिया गया है । इस संबंध में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के निदेशक डॉ आदित्य दहिया ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वो यथाशीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें। रजिस्ट्रेशन सरल पोर्टल पर https://saralharyana.gov.in पर किया जा रहा है। डॉ आदित्य दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री

श्री नायब सिंह सैनी द्वारा आगामी दिनों में विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को वाराणसी के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रेल यात्रा के दौरान प्रत्येक श्रद्धालु को पर्यटक किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना का लाभ 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्ग श्रद्धालु उठा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत इससे पहले प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या तथा महाराष्ट्र स्थित श्री हजूर साहिब, नांदेड़ की निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जा चुकी है। योजना के तहत पात्रता के लिए श्रद्धालु के परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक पात्र श्रद्धालु पोर्टल खुलने के बाद ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

अधिकारी स्कूलों में जाकर लेंगे शैक्षणिक माहौल, आधारभूत सुविधाओं का जायजा; एसीआर में दर्ज होंगी स्कूल विजिट और निरीक्षण रिपोर्ट : डीसी

क्लास-I और II के अधिकारियों की एसीआर में जुड़ेगा विशेष कॉलम; गोद लिए गए स्कूलों का साल में कम से कम तीन बार करना होगा दौरा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कि हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए हैं कि क्लास-I और II के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में उनके द्वारा गोद लिए गए स्कूलों, स्कूलों के दौरों और निरीक्षणों का विवरण दर्ज करने के लिए एक विशेष कॉलम जोड़ा जाएगा। डीसी ने कहा कि एसीआर में जोड़े जाने वाले विशेष कॉलम में अधिकारी द्वारा गोद लिए गए स्कूल का नाम, वहां किए गए दौरों की संख्या और निरीक्षण के दौरान की गई समीक्षा का विवरण दर्ज किया जाए। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों को अपनी वार्षिक स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ



स्कूल निरीक्षण रिपोर्ट भी संलग्न करनी होगी। डीसी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अधिकारियों की नियमित भागीदारी के माध्यम से सरकारी स्कूलों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत करने, शिक्षण गतिविधियों की स्थिति समझने, उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग की समीक्षा करने तथा सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पहल का अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक स्कूल अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप बेहतर ढंग से कार्य करे। डीसी ने बताया कि मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए हैं कि स्कूलों का निरीक्षण निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार किया जाए और निरीक्षण के दौरान सामने आए तथ्यों एवं सुझावों को उचित रूप से दर्ज किया जाए, ताकि उन पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि एसीआर में निरीक्षण संबंधी विवरण शामिल करने से प्रशासनिक जिम्मेदारी और स्कूलों के वास्तविक सुधार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। इस व्यवस्था से स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था और संसाधनों के उपयोग की नियमित निगरानी हो सकेगी। साथ ही, सामने आने वाली कमियों की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाने में भी मदद मिलेगी।

बाल दिवस प्रतियोगिताओं में भाग लेना ही सबसे बड़ी उपलब्धि, पुरस्कार न मिलने पर निराश न हों विद्यार्थी : डीसी अखिल पिलानी

विद्यार्थियों को बड़ों का सम्मान करने, अच्छी आदतें अपनाने तथा स्कूलों को स्वच्छ रखने के लिए किया प्रेरित

ओपन सर्च/आस मोहम्मद





नूंह। जिला बाल कल्याण परिषद नूंह द्वारा बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का आज समापन हो गया। समापन समारोह में उपायुक्त अखिल पिलानी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । उपायुक्त ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उपायुक्त अखिल पिलानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन बच्चों को प्रतियोगिताओं में पुरस्कार नहीं मिला है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने का साहस दिखाया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । प्रतियोगिताओं में भाग लेना भी अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। विद्यार्थियों को प्रत्येक अवसर से सीखते हुए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने स्कूलों को साफ-सुथरा रखें और स्वच्छता को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करें। उन्होंने बच्चों को अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं बड़ों की बात मानने तथा उनका सम्मान करने की सीख देते हुए कहा कि बड़े हमेशा बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और उनका मार्गदर्शन करते हैं।

उपायुक्त ने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार और शिष्टाचार भी सिखाए जाने चाहिए। बच्चों को दैनिक जीवन में थैंक यू, गुड मॉर्निंग और वेलकम जैसे शिष्टाचार से जुड़े शब्दों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, ताकि उनमें सकारात्मक व्यवहार और अच्छे सामाजिक संस्कार विकसित हों । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने में आज के बच्चों की अहम भूमिका होगी। यही बच्चे भविष्य में युवा शक्ति के रूप में देश की जिम्मेदारी संभालेंगे और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और सही दिशा प्रदान कर राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करें। उन्होंने बच्चों से जीवन में हमेशा कुछ नया सीखते रहने का भी आह्वान किया ।

उपायुक्त ने बताया कि बाल भवन में ही आज दिनांक 25 से 27 नवंबर तक हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में मंडल स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ हो रहा है।

मेवात इंजीनियरिंग कालेज में खेल सुविधाओं, पुस्तकालय और सौर ऊर्जा व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटी मेवात विकास एजेंसी : उपायुक्त

कॉलेज में स्थापित सोलर पावर प्लांट को हाइब्रिड बनाने का कार्य भी हुआ शुरू

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, नूंह में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मेवात विकास एजेंसी (एमडीए) द्वारा विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। एजेंसी की ओर से कॉलेज में खेल मैदानों को दुरुस्त करवाने के साथ-साथ खेल उपकरणों की उपलब्धता, पुस्तकालय के लिए नई पुस्तकों की खरीद तथा सौर ऊर्जा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

उपायुक्त एवं मेवात विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिल पिलानी ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और वॉलीबॉल के मैदानों को दुरुस्त करवाया जा रहा है। इन कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए मेवात विकास एजेंसी के उप कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार तथा वीनस पंचायत राज के कार्यकारी अभियंता ने कॉलेज का दौरा किया और संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज के पुस्तकालय को समृद्ध बनाने और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मेवात विकास एजेंसी द्वारा लगभग 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत पुस्तकों की खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न खेलों से संबंधित अधिकांश खेल उपकरण कॉलेज में पहुंच चुके हैं, जबकि टेबल टेनिस के उपकरण भी जल्द उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न खेलों में अभ्यास करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। उपायुक्त ने बताया कि कॉलेज परिसर में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा) के माध्यम से 50 सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट लगवाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त कॉलेज में पहले से स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र को हाइब्रिड प्रणाली में परिवर्तित करने का कार्य भी शुरू हो गया है।

चौधरी जावेद खान ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

पुनहाना में पेयजलापूर्ति को लेकर जावेद खान ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। लघु सचिवालय नूंह में विधायक चौधरी मोहम्मद इलियास के सुपुत्र व भाजपा नेता चौधरी जावेद खान एडवोकेट ने उपायुक्त अखिल पिलानी की मौजूदगी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नूंह जिले एवं पुनहाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल आपूर्ति और पेयजल स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। चौधरी जावेद खान ने अधिकारियों के समक्ष ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की कमी, पाइपलाइन लीकेज, कम प्रेशर और टूटी पाइपलाइनों जैसी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि कई गांवों में आज भी लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है, जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुनहाना क्षेत्र के सभी गांवों में पीने के पानी की समस्या का अति शीघ्र समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुनहाना क्षेत्र के सभी गांवों में पीने के पानी की चलाई जा रही योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों के घरों तक मीठा और स्वच्छ पानी पहुंच सके। इस मौके पर उपायुक्त अखिल पिलानी ने भी सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल समस्या को लेकर गंभीरता से कदम उठाए जाएं और लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां पर पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां प्राथमिकता के आधार पर पानी पहुंचाया जाए। अधिकारियों ने बैठक में आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा और सभी गांवों में स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

इन योजनाओं से गांवों तक पहुंच रहा है पानी

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा गांवों में पीने का पानी पहुंचाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं -

1. जल जीवन मिशन - हर घर नल से जल: इस योजना के तहत हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा के प्रति किया जाएगा जागरूक : सीजेएम नेहा गुप्ता

अध्यापकों को पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध, बाल सुरक्षा और बच्चों के कानूनी अधिकारों के प्रति दिया गया प्रशिक्षण

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। बच्चों को यौन शोषण, साइबर अपराध और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से बचाने तथा उन्हें अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुरक्षित बचपन अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नल्हड़ स्थित शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा गुप्ता ने की। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे अध्यापकों को बच्चों की सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सीजेएम नेहा गुप्ता ने उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे का सुरक्षित बचपन सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षित बचपन अभियान के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों को बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पॉक्सो अधिनियम वर्ष 2012 में लागू किया गया था, लेकिन आज भी समाज में इस कानून के प्रति जागरूकता की कमी है। इसलिए विद्यालय स्तर पर बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप जानकारी देना और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षित बचपन अभियान को दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। पहले चरण के तहत विद्यालयों में एक सप्ताह तक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जबकि दूसरे चरण में चयनित विद्यालयों के दो-दो अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये अध्यापक अपने विद्यालयों में संचालित कानूनी साक्षरता क्लबों के माध्यम से अन्य अध्यापकों और विद्यार्थियों को जागरूक करेंगे। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और अश्लील सामग्री से जुड़े अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। यह कानून लड़के और लड़कियों दोनों पर समान रूप से लागू होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे की सहमति को ऐसे अपराधों में कानूनी बचाव नहीं माना जा सकता। इसके अलावा बच्चों से संबंधित किसी अपराध की जानकारी होने पर वयस्कों की जिम्मेदारी है कि वे इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।

हरियाणा व राजस्थान में पहले मेव मुस्लिम जिला प्रमुख बनने का जान मोहम्मद का रिकॉर्ड रहा कायम

हाल ही में राजस्थान में हुए जिला प्रमुख चुनाव में मेव समाज के जिला प्रमुख बनने की जगी थी उम्मीद

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। हरियाणा के नूंह जिले से मेव समाज के पहले जिला प्रमुख बने जान मोहम्मद का मेव समाज में पहला जिला प्रमुख बने रहने का रिकॉर्ड कायम रह गया है। हाल ही में राजस्थान में हुए पंचायत चुनाव में मेव समाज के जिला प्रमुख बनने की उम्मीद जगी थी, लेकिन बुधवार को राजस्थान में जिला प्रमुख के हुए चुनाव में मेव समाज का कोई भी जिला प्रमुख न बनने से मेवात जिले के जान मोहम्मद ही एक ऐसे मुस्लिम समाज के जिला प्रमुख है जो इकलौते जिला प्रमुख बने हैं। हालांकि इससे पहले मेव समाज की तीन महिलाएं जिला प्रमुख रह चुकी हैं। लेकिन मेव समाज के पहले पुरुष जान मोहम्मद ही इकलौते जिला प्रमुख हैं जिन्होंने यह रिकॉर्ड कायम किया है। आपको बता दें कि नूंह जिले से पहले जहां मेव समाज की पहली महिला जिला प्रमुख हिजरा बेगम, पलवल जिले से अकबरी बेगम और नूंह जिले से जहां अनीशा बानो जिला प्रमुख रह चुकी थी। वही पिछली बार हरियाणा में पंचायत चुनाव में जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने जिला प्रमुख बनकर मेव समाज के इकलौते जिला प्रमुख बनने का रिकॉर्ड कायम किया था। जैसे ही राजस्थान में पंचायत चुनाव हुए तो खैरथल, डीग, अलवर व भरतपुर जिले में मेव समाज का जिला प्रमुख बनने की उम्मीद जगी थी। लेकिन वहां पर जिला प्रमुख मेव समाज का बनने की उम्मीदों पर पानी फिर गया और नूंह जिले के जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने मेव समाज में पहला जिला प्रमुख बनने का रिकॉर्ड कायम बरकरार रखा। आपको बता दें कि जिला प्रमुख जान मोहम्मद हरियाणा के नूंह जिले से भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और हरियाणा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जिला प्रमुख जान मोहम्मद पुनहाना विधानसभा के अकबरपुर गांव से ताल्लुक रखते हैं, जो अपने पिता मरहूम दरोगा जैलदार की राजनीतिक विरासत को पूरी तरह संभाले हुए हैं। उनके पिता अकबरपुर गांव के सरपंच रहे और लगभग आठ बार लगातार 40 सालों से वह और उनका परिवार गांव के सरपंच रहते आ रहे हैं। इतना ही नहीं पिछले तीन बार से जान मोहम्मद लगातार जिला पार्षद बनते आ रहे हैं और इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत कर पहले मेव मुस्लिम जिला प्रमुख बने। उनके राजनीतिक कद को बढ़ते हुए देख लोग उनकी ईमानदारी और साफ छवि को मानते हैं।

मानेसर में 10 करोड़ रुपये से बनने वाले 64 शौचालयों का मेयर ने किया शिलान्यास

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



मानेसर। नगर निगम मानेसर की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनने वाले 64 शौचालयों का शिलान्यास किया। गांव बढ़ा से शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

नगर निगम की ओर से इन शौचालयों के निर्माण पर करीब 10 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इन शौचालयों के बनने से निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सार्वजनिक स्वच्छता और स्वच्छता सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनने वाले ये शौचालय निगम क्षेत्र में स्वच्छता सुविधाओं को मजबूत करेंगे। मेयर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इन सुविधाओं का उपयोग करते समय उनकी देखभाल भी करें और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखें। मेयर ने कहा कि शौचालयों के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद रवि यादव, रविंद्र यादव, प्रताप सिंह, राम प्रकाश, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भाजपा ने अशोक आर्य को ओबीसी पानीपत जिला अध्यक्ष नियुक्त किया, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



समालखा। भारतीय जनता पार्टी ने अशोक आर्य को ओबीसी पानीपत जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर अशोक आर्य ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा में पिछड़े वर्ग को सम्मान, प्रतिनिधित्व और आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से होने के कारण समाज के लोगों में राजनीतिक भागीदारी को लेकर नई ऊर्जा और उत्साह है। अशोक आर्य ने समाजसेवा के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। प्रतिज्ञा फाउंडेशन के माध्यम से नशामुक्त भारत अभियान में युवाओं को प्रेरित करने, नशे और जातिवाद के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत करने के लिए उन्होंने विभिन्न अभियान चलाए हैं। पानीपत और पंचकूला निगम चुनावों में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई।

पानीपत के धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में राज्यसभा सांसद संजय भाटिया तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के साथ भी अशोक आर्य सक्रिय रहे हैं। इसके अलावा करनाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई थी। वह युवक समाज के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में युवाओं को सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। अशोक आर्य ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र और डीएवी से शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने एमबीए और एलएलबी की डिग्री भी हासिल की है। वह पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य के पुत्र हैं तथा विधायक मनमोहन भड़ाना के रिश्ते में जीजा लगते हैं। अशोक आर्य ने बताया कि भाजपा में पिछड़े वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है और पार्टी में ओबीसी वर्ग के 15 विधायक हैं। उन्होंने नई जिम्मेदारी को संगठन मजबूत करने, समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और जनसेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प जताया।

गुरु रविदास समरसता संकल्प यात्रा का आज पानीपत में होगा भव्य स्वागत, समालखा में भी दो स्थानों पर जुटेंगे श्रद्धालु

पांच प्रमुख पड़ावों पर पुष्पवर्षा से होगा यात्रा का अभिनंदन, पार्षद अशोक कटारिया ने शहरवासियों से की भागीदारी की अपील

ओपन सर्च/मनदीप कुमार





पानीपत। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के सामाजिक समानता, एकता और भाईचारे का संदेश लेकर निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा 26 नवंबर को पानीपत जिले में पहुंचेगी। यात्रा के स्वागत को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में पांच प्रमुख स्थानों पर पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इनमें समालखा के दो स्थान भी शामिल हैं। पार्षद अशोक कटारिया ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी ने अपने जीवन और विचारों से समाज को समानता, प्रेम, सद्भाव और मानवता का मार्ग दिखाया। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान सम्मान देने का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की प्रेरणा देती हैं। कटारिया ने कहा कि समरसता संकल्प यात्रा महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है। पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर यात्रा का आगमन गौरव का विषय है। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, श्रद्धालुओं और शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा का स्वागत करने की अपील की।

इन पांच स्थानों पर होगा यात्रा का स्वागत: यात्रा का पहला स्वागत दोपहर 12:30 बजे गांव गांजबड़ में प्रमोद कुराडिया और अमित पंडित के नेतृत्व में होगा। दूसरा स्वागत दोपहर 12:45 बजे एल्डिगो सिटी, पानीपत ग्रामीण में महिपाल डांडा और संजय त्यागी के नेतृत्व में किया जाएगा।

तीसरा पड़ाव दोपहर 1 बजे विधायक कार्यालय, जीटी रोड, पानीपत शहरी में रहेगा, जहां प्रमोद विज और राहुल विज के नेतृत्व में यात्रा का अभिनंदन होगा। दोपहर 1:25 बजे समालखा में मनमोहन भड़ाना और राकेश अहलावत के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। पांचवां एवं अंतिम स्वागत दोपहर 1:30 बजे संत रविदास मंदिर, समालखा में ज्योति शर्मा और साहेब सिंह रंगा के नेतृत्व में होगा। अशोक कटारिया ने कहा कि गुरु रविदास महाराज जी का संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। आपसी प्रेम, विश्वास, सहयोग और भाईचारे को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि पानीपत जिले के लोग पूरे उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत कर सामाजिक एकता का संदेश देंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने निगम कार्यालय में की जन सुनवाई, नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया समाधान

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। नगर निगम महापौर रेणु बाला गुप्ता ने निगम कार्यालय में जन सुनवाई कर शहरवासियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जन सुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने सीवरेज निकासी, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, प्रॉपर्टी आई.डी., सडक़ों एवं गलियों की मरम्मत सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समस्याओं का उचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करवाया गया, जबकि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। नागरिकों की शिकायतों पर अधिकारियों को दिए



स्पष्ट निर्देश। जन सुनवाई के दौरान महापौर ने संबंधित शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यालय में बुलाकर शिकायतों की स्थिति पर चर्चा की और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों को केवल सुनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका वास्तविक समाधान सुनिश्चित करना निगम अधिकारियों की जिम्मेदारी है। प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित शाखा समय रहते कार्रवाई करे और शिकायतकर्ता को समाधान के संबंध में उचित जानकारी भी उपलब्ध करवाए। मूलभूत सुविधाओं में नागरिकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सीवरेज व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, शहर की सफाई, प्रॉपर्टी आई.डी. से संबंधित कार्य तथा सडक़ों और गलियों की मरम्मत जैसे जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जहां भी कोई समस्या सामने आती है, वहां संबंधित अधिकारी तुरंत स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई करें और कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। जन शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही और तत्परता जरूरी। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना और उनकी समस्याओं का सरल, सुगम एवं समयबद्ध समाधान करना है। जन सुनवाई नागरिकों और नगर निगम के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे शहर की वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर नियमित निगरानी रखें, समाधान में तेजी लाएं तथा जनहित से जुड़े कार्यों में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने स्पष्ट किया कि शहरवासियों की सुविधा और समस्याओं का समाधान नगर निगम की प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो और नागरिकों को अपने कार्यों के लिए बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा नेता दीप सैनी के आवास पर पहुंचकर जताया शोक

मुख्यमंत्री ने पूर्व सरपंच रणबीर सिंह के निधन पर परिवार को दी सांत्वना

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप सैनी के पिता पूर्व सरपंच रणबीर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर उन्हें इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया और कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को ये दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीप सैनी व उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पिता का साया उठना परिवार के लिए



अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में सरकार और पूरा संगठन परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि दीप सैनी के पिता एक सरल, मिलनसार और सामाजिक भावना से ओत-प्रोत व्यक्ति थे। उन्होंने हमेशा समाज सेवा और परिवार के संस्कारों को सर्वोपरि रखा। उनके द्वारा दिए गए संस्कार और आदर्श परिवार को हमेशा मार्गदर्शन देते रहेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, सैनी सभा के प्रधान एवं चेयरमैन गुरनाम सैनी, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

करनाल के सुरजीत कलसी को भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, हरियाणा में संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत करनाल के एडवोकेट सुरजीत सिंह कलसी को प्रदेश मीडिया प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा अजय खुंडिया ने प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हरियाणा डॉ. अर्चना गुप्ता एवं शीर्ष नेतृत्व की सहमति से प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की, जिसमें सुरजीत सिंह कलसी को प्रदेश मीडिया प्रमुख नियुक्त किया गया है। सुरजीत सिंह कलसी करनाल के साथ-साथ पूरे हरियाणा में पार्टी संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वह भाजपा की नीतियों, विचारधारा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। संगठन ने उनके अनुभव, सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



सौंपी है। नई जिम्मेदारी मिलने पर एडवोकेट सुरजीत सिंह कलसी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और अनुसूचित जाति मोर्चा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे तथा पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर गरीब और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। कलसी ने कहा कि संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता रहेगी और वह पार्टी के संदेश तथा सरकार की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे।

मंगलौर में जन आशीर्वाद रैली में उमड़ा जनसैलाब

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में विधायक मनमोहन भड़ाना को मिला जनता का अपार स्नेह



ओपन सर्च / मनदीप कुमार

पानीपत। मंगलौर में आयोजित जन आशीर्वाद रैली एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम में समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना को जनता का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। इस अवसर पर विधायक मनमोहन भड़ाना ने क्षेत्र के देवतुल्य जनमानस का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस उत्साह, प्रेम और विश्वास के साथ लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर अपना आशीर्वाद दिया है, वह उनके लिए बेहद गौरव और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, पूर्व लोकसभा सांसद रमेश बिधूड़ी, भाजपा रुड़की जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद, स्वामी रसिक महाराज तथा करतार सिंह भड़ाना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विधायक मनमोहन भड़ाना ने सभी अतिथियों और कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता के इस अपार स्नेह और आशीर्वाद को वह हमेशा याद रखेंगे।

लघु सचिवालय के सभागार में मनाया जाएगा संविधान दिवस

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रात: 11 बजे संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे। उपायुक्त ने बताया कि संविधान दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी महाविद्यालयों व विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद, सेमिनार,



पोस्टर निर्माण एवं प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त सभी महाविद्यालयों में विकसित भारत युवा संसद और माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन संविधान क्विज का भी आयोजन होगा, जिसमें विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उपायुक्त ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति समझ विकसित करना है।

कर्ण स्टेडियम में जल्द बनेंगे 6 बैडमिंटन कोर्ट और बड़ा बॉक्सिंग हॉल : विधायक जगमोहन आनंद

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री घोषणा समीक्षा बैठक में भाग लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी विधायकों के साथ एसीएस स्तर एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की वन-टू-वन बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विधायक जगमोहन आनंद ने करनाल विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की लंबित मांगों एवं विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि करनाल में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और आने वाले समय में कई बड़ी विकास परियोजनाओं को भी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने

विशेष रूप से करनाल के कर्ण स्टेडियम के विकास का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कर्ण स्टेडियम में जल्द ही 6 नए बैडमिंटन कोर्ट और एक बड़े बॉक्सिंग हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए ड्राइंग एवं एस्टीमेट संबंधित विभाग को भेजे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों एवं दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने हेतु सीढ़ीनुमा स्टैंड (स्टेप्स) के निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि करनाल को खेल सुविधाओं के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास कार्यों को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। बैठक में उठाई गई सभी लंबित मांगों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है और उनका प्रयास रहेगा कि करनाल विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रस्तावित एवं लंबित विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

रेलवे स्टेशन की जर्जर सड़क बनी परेशानी का सबब, नवनिर्माण की मांग



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। रेलवे स्टेशन के आसपास की खस्ताहाल सड़क स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लंबे समय से सड़क की मरम्मत और नवनिर्माण नहीं होने से यहां जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इसके चलते पैदल राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सुषमा सुधीर ने बताया कि सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं, वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल-मिट्टी आसपास के दुकानदारों और मकानों में रहने वाले लोगों के लिए भी परेशानी बनी हुई है। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन रहता है। ऐसे में सड़क की बदहाली से स्थानीय लोगों के साथ यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, नगरपालिका और रेलवे अधिकारियों से सड़क का जल्द नवनिर्माण करवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभागों को जनहित में इस समस्या का प्राथमिकता से समाधान करना चाहिए, ताकि आवागमन सुगम हो सके।

उमरी में 124 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य गुरु रविदास धाम, स्थापित होगी सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज की 125 फुट ऊंची प्रतिमा : नायब सिंह सैनी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज ने लगभग साढ़े छह सौ वर्ष पहले जिस समतामूलक, भेदभाव मुक्त और खुशहाल समाज की कल्पना की थी, प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार उसी संकल्प को धरातल पर साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' वास्तव में सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज की समानता, सामाजिक न्याय और समरसता की विचारधारा का आधुनिक एवं व्यावहारिक स्वरूप है। सरकार का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सम्मान, समान अवसर और विकास का पूरा लाभ मिले। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को कुरुक्षेत्र के उमरी में सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही देशव्यापी समरसता संकल्प यात्रा के भव्य स्वागत समारोह एवं विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने यात्रा का श्रद्धापूर्वक अभिनंदन किया और सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज की पावन चरण



पादुकाओं को सिर पर धारण कर मंच तक पहुंचे। इस अवसर पर उपस्थित संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और विभिन्न समाजों के लोगों ने सामाजिक एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 नवंबर को पंजाब के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां से प्रारंभ हुई समरसता संकल्प यात्रा लगभग 2,402 किलोमीटर का सफर तय कर 3 दिसंबर को वाराणसी स्थित सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर पहुंचेगी। हरियाणा के आठ जिलों से गुजरने वाली यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समानता, सेवा, सामाजिक न्याय और मानवता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का व्यापक अभियान है।सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज का 'बेगमपुरा' आज भी आदर्श समाज की प्रेरणा:मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय भक्ति परंपरा में सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज का स्थान अद्वितीय है। वे महान संत होने के साथ-साथ युगदृष्टा, समाज सुधारक और मानवता के सच्चे पथप्रदर्शक थे। जब समाज ऊंच-नीच, छुआछूत, भेदभाव और आडंबर जैसी कुरीतियों से जकड़ा हुआ था, तब उन्होंने अपनी वाणी और कर्मों से सामाजिक समानता एवं मानवीय गरिमा की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि सद्गुरु श्री रविदास जी महाराज का संदेश 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि शुद्ध अंत:करण, ईमानदारी और नेक कर्मों में निहित है।

छपाई के बाद गणना प्रपत्र बीएलओ को वितरित, गणना प्रपत्रों का निपटारा 10 तक : डॉ. आनंद कुमार शर्मा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं के लिए गणना प्रपत्र प्रिंटिंग के बाद बीएलओ को वितरित किए जा चुके हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक आयोजित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर तक गणना प्रपत्रों का निपटारा कर दिया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आज हरियाणा के मुख्य चुनाव आयुक्त ए श्रीनिवास द्वारा एसआईआर को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला में एएसडीडी मतदाताओं की कुल संख्या 210510 है। प्रपत्र छपाई के बाद संबंधित विधानसभा क्षेत्रों एवं मतदान केंद्रों के अनुसार संबंधित बीएलओ को वितरित कर दिए गए हैं।



उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अनुरोध किया गया है कि बीएलए के माध्यम से इस कार्य में सहयोग करें। डा. आनंद के अनुसार एएसडीडी और गणना प्रपत्र को लेकर बीएलओ को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। बीएलए-2 की भूमिका एवं जिम्मेदारियों के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल ऐजेंटों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से पूरा करने के लिए बीएलए-2 से अनुरोध किया गया है कि संबंधित मतदान केंद्र के तहत एएसडीडी मतदाताओं की सूची एवं गणना प्रपत्रों से संबंधित कार्यों में बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करें। उन्होंने बताया कि भविष्य के मतदाताओं के लिए जिला के 71 स्कूलों, नए मतदाताओं के लिए कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में 1118, बूथ स्तर पर चुनाव पाठशाला 1181 और 73 मतदाता जागरूकता फोरम गठित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत दावे एवं आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दिया है। साथ ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 दिसंबर को होगा। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि की श्रेणी में रखे गए तथा गणना प्रपत्र वापस प्राप्त न होने के कारण प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रह गए मतदाता दोबारा अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि सत्यापन के बाद पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे तथा उन्हें एसआईआर से पहले आवंटित ईपीआईसी नंबर पुन: आवंटित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने वाला कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाने के अवसर से वंचित न रहे। साथ ही मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों को रोकना भी सुनिश्चित किया जाएगा। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क करें और आवश्यक गणना प्रपत्र एवं घोषणा पत्र निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा करवाएं। इस मौके पर सीटीएम सुरेश कुमार व जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

केमिकल सेफ्टी टैंक हादसे में तीन सफाई कर्मचारियों की मौत पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने लिया संज्ञान

आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा गोरियाल ने घटनास्थल का किया निरीक्षण-कंपनी प्रबंधन को पीड़ित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश





ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा गोरियाल ने गुरुग्राम में ग्यारह नवंबर को सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंडसी स्थित एक कंपनी के केमिकल सेफ्टी टैंक में जांच के दौरान तीन कर्मचारियों की हुई मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने संबंधित कंपनी के परिसर में पहुंचकर हादसे से जुड़े तथ्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कंपनी प्रबंधन और मृतक कर्मचारियों के परिजनों के साथ संयुक्त बैठक कर पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की तथा पीड़ित परिवारों को न्याय एवं नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाने के निर्देश दिए। डॉ. सुषमा गोरियाल ने कंपनी प्रबंधन को निर्देश दिए कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों की पूर्ण अनुपालना करते हुए मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को निर्धारित मुआवजा उपलब्ध करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के तहत पात्र मृतक सफाई कर्मचारियों के परिवारों को 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। इसलिए मुआवजा वितरण की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कंपनी अपने सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि आयोग इस मामले में पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने तथा जिम्मेदार पक्षों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा। इस दौरान गुरुग्राम नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, एसीपी कुलदीप, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान, तहसील कल्याण अधिकारी जितेंद्र तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

सर्व समाज में प्रधानमंत्री के मन की बात के लिए नजर आ रहा उत्साह : भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बुधवार को यहां पर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को लेकर रविवार, 29 नवम्बर को सुबह 11 बजे होने वाले प्रसारण को लेकर 90 के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हर मतदान केन्द्र पर लोग मन की बात सुनने के लिए तत्पर नजर आ रहे है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 प्रमुख स्थानों पर मन की बात सुनने के लिए 100-100 कार्यकर्ताओं और लोगों को प्रत्येक स्थान पर इकटठा करने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा नेता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे मनुष्य, संस्थान, प्रतिष्ठान आदि जो जीवन व समाज सुधार के लिए उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते है, उनसे देश को अवगत कराते है। इस बार प्रदेश में मन की बात सुनने के लिए पार्टी ने सर्वसमाज के लोगों को उनके नजदीक लगने वाले बूथों पर विशेष रूप से आमंत्रित किया है। उन्होने बताया कि 29 नवम्बर को प्रदेश में खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ऐसे कार्यक्रमों में मौजूद रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनेंगे।

हर बूथ पर सुनी जाएगी प्रधानमंत्री के मन की बात- चल रही तैयारियां : सतेन्द्र गर्ग बंटी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान व युवा समाजसेवी सतेन्द्र गर्ग बंटी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को लेकर रविवार, 29 नवम्बर को सुबह 11 बजे होने वाले प्रसारण को लेकर सोहना विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश के 90 के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हर मतदान केन्द्र पर लोग मन की बात सुनने के लिए तत्पर नजर आ रहे है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 प्रमुख स्थानों पर मन की बात सुनने के लिए 100-100 कार्यकर्ताओं और लोगों को प्रत्येक स्थान पर इकटठा करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान व युवा समाजसेवी सतेन्द्र गर्ग बंटी ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे मनुष्य, संस्थान, प्रतिष्ठान आदि जो जीवन व समाज सुधार के लिए उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते है, उनसे देश को अवगत कराते है। इस बार प्रदेश में मन की बात सुनने के लिए पार्टी ने सर्वसमाज के लोगों को उनके नजदीक लगने वाले बूथों पर विशेष रूप से आमंत्रित किया है। उन्होने बताया कि 29 नवम्बर को प्रदेश में खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ऐसे कार्यक्रमों में मौजूद रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनेंगे।

29 को सारे काम छोड़ मन की बात एपिसोड जरूर देखे देशवासी : भाजपा नेता पंकज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने आज समर्थकों की बैठक लेकर आग्रह किया कि वह 29 नवम्बर को अपने सारे काम छोडक़र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात एपिसोड को जरूर सुने। इस एपिसोड से हर व्यक्ति को प्रेरणा मिलती है। भाजपा नेता पंकज सिंगला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को लेकर रविवार, 29 नवम्बर को सुबह 11 बजे होने वाले प्रसारण को लेकर सोहना विधानसभा क्षेत्र में हर मतदान केन्द्र पर लोग मन की बात सुनने के लिए तत्पर नजर आ रहे है। उन्होने बताया कि राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 प्रमुख स्थानों पर मन की बात सुनने के लिए 100-100 कार्यकर्ताओं और लोगों को प्रत्येक स्थान पर इकटठा करने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा नेता पंकज सिंगला ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे मनुष्य, संस्था, संसथान, प्रतिष्ठान आदि जो जीवन व समाज सुधार के लिए उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते है, उनसे देश को अवगत कराते है। इस बार प्रदेश में मन की बात सुनने के लिए पार्टी ने सर्वसमाज के लोगों को उनके नजदीक लगने वाले बूथों पर विशेष रूप से आमंत्रित किया है। उन्होने बताया कि 29 नवम्बर को प्रदेश में खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता ऐसे कार्यक्रमों में मौजूद रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनेंगे।

सोहना में जाट समाज ने फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र को दी श्रद्धांजलि : चौधरी विजय सिंह डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गांव रायपुर में आज आयोजित की गई जाट समाज की बैठक में मौजूद समाज के लोगों ने फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के संयोजक सन्नी डागर व यतिन डागर ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी विजय सिंह डागर ने मौजूदजनों को बीते जमाने के मशहूर अभिनेता धर्मेन्द्र के जीवन से अवगत कराते हुए उन्हे जाट समाज की आन-बान-शान बतलाया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अभिनेता धर्मेन्द्र के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वे ना केवल युवाओं बल्कि देश की कई पीढिय़ों के लिये प्रेरणा स्त्रोत थे। समाजसेवी चौधरी विजय सिंह डागर ने अभिनेता धर्मेन्द्र को देश के रत्नों में से एक बताते हुए कहा कि देश ने अपने रत्नों में से एक रत्न को खो दिया है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर अभिनेता धर्मेन्द्र को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है।

सोहना में इनेलो ने दिया अतिथि अध्यापकों को समर्थन : इनेलो नेता रोहताश खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार से मांग की है कि राज्य में पिछले करीब 21 वर्षों से अतिथि शिक्षकों के रूप में काम कर रहे अतिथि शिक्षकों को तुरन्त प्रभाव से पक्का कर इनका वेतन बढ़ाया जाए। उन्होने कहा कि आज कमर तोड़ महंगाई की मार झेल रहे ये अतिथि शिक्षक भाजपा सरकार की दोगली नीतियों और झूठे वादों से तंग आ गए है और परेशान होकर अब राज्य में कार्यरत 12 हजार अतिथि शिक्षकों ने अपने भविष्य को बचाने के लिए 29 नवम्बर को कुरूक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आवास घेरते हुए विरोधप्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने अतिथि शिक्षकों को जल्द से जल्द नियमित किए जाने की मांग करते हुए कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल अतिथि शिक्षकों की जायज मांगों का पूरी तरह समर्थन करती है और संकट के इस दौर में इनेलो कंधे से कंधा मिलाकर इन अतिथि शिक्षकों के साथ खड़ी है। उन्होने कहा कि राज्य में 21 वर्षों से स्कूलों में सेवाएं दे रहे ये अतिथि शिक्षक आज तक नियमित नही किए गए है। जिन अतिथि शिक्षकों के कंधों पर बच्चों का भविष्य संवारने का भार है, आज उन्ही अतिथि शिक्षकों का भविष्य भाजपा राज में असुरक्षित नजर आ रहा है। वक्त की मांग है कि भाजपा सरकार बिना किसी विलम्ब के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के जारी निर्देशों और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप इन पात्र अतिथि शिक्षकों को जल्द से जल्द नियमित कर राहत देने का काम करे। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि आज राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के हजारों पद खाली पड़े है। सरकार ना तो उन्हे भर रही है और ना ही 12 हजार अतिथि शिक्षकों को पक्का कर रही है। उन्होने अतिथि शिक्षकों को भरोसा दिया कि हरियाणा में आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में इनेलो की सरकार बनने पर इनेलो पहली कलम से इन अतिथि शिक्षकों को पक्का कर पक्की नौकरी देने का काम करेगी।

हृदय रोगी ठंड-सर्दी में बरते विशेष एहतियात : डाक्टर प्रवीण यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर स्थानीय खेलस्टेडियम मैदान के सामने स्थित वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर परिसर में बुधवार को एक दिवसीय निशुल्क हृदय रोग जांच व परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। निशुल्क जांच शिविर का उदघाटन वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए पारस अस्पताल से आए हृदय रोग यूनिट हैंड एवं डायरेक्टर इंटरवेशनल कार्डियोलाजी डाक्टर अमित भूषण शर्मा तथा हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर आदिलअहमद मीर तथा फोर्टिस अस्पताल से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर हेमंत गांधी ने कहा कि हृदय रोगी को ठंड-सर्दी में विशेष एहतियात बरतनी चाहिए। सीने में दर्द, जलन, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, बेचैनी, ज्यादा पसीना आना, कंधे में दर्द, अनियमित धडक़न, पैर में सूजन हृदय रोग से संबंधित सामान्य लक्षण है। इस मौके पर बोलते हुए वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य का निरोगी और स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है। वही किसी भी बीमारी को पनपने से रोकने के लिए और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई का वातावरण होना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होने बताया कि गलत जीवन शैली सभी रोगों की जड़ है। गोल्डन आवर अर्थात शुरूआत के एक घंटे में अस्पताल पहुंच जाने से मरीज को खतरा सबसे कम होता है। उन्होंने बताया कि भारत के युवा दूसरे विकसित देशों की अपेक्षा चार गुणा ज्यादा हृदय रोग के मरीज है। व्यक्ति कितना भी स्वस्थ क्यों ना हो उसे वर्ष में कम से कम एक बार अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करानी चाहिए। अपने लाइफ स्टाइल को बदले। वजन ना बढऩे दे। सीने में दर्द की शिकायत होने पर खुद से इलाज न कर जल्द से जल्द किसी भी नजदीकी अस्पताल में पहुंचे। शिविर में बीपी रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, बीएमडी एंड पीएफटी आदि की सुविधाएं भी पंजीकृत रोगियों को उपलब्ध कराई गई।

सोहना में दमदमा झील पर बांध बनाकर होगा बिजली उत्पादन : विधायक तेजपाल तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि खंड के आदर्श गांव दमदमा में अरावली पहाडिय़ों की तलहटी में 75 एकड़ में फैली दमदमा झील में अरावली पर्वत श्रंखला की 3 हजार एकड़ भूमि क्षेत्र से बहकर आने वाले बरसाती पानी को जमा करने के लिए दमदमा झील के समीप बड़ा बांध बनाकर बिजली उत्पादन की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। उन्होने बताया कि इस योजना को जमीनी स्तर पर सिरे चढ़ाने के लिए केन्द्रीय ऊर्जामंत्री मनोहरलाल खटटर के आदेश पर ऋषिकेश से टिहरी हाईड्रो डवलपमेंट कारपोरेशन के अधिकारियों की एक टीम ने आज यहां आकर दमदमा झील का निरीक्षण किया ताकि दमदमा झील से ठीक पहले आमने-सामने स्थित 2 पहाड़ों पर बांध बनाए जाने की योजना है। इससे बिजली का उत्पादन किया जाएगा। जिसको लेकर टिहरी हाईड्रो डवलपमेंट कारपोरेशन के अधिकारियों की एक टीम ने आज यहां आकर दमदमा झील का निरीक्षण करने के साथ-साथ हरियाणा पर्यटन निगम, वन विभाग और जीएमडीए अधिकारियों से दमदमा झील से जुड़ी पूरी जानकारी ली। तब सामने आया कि सोहना, गुरूग्राम, मानेसर विकास योजना 502 वर्ग किलोमीटर में फैली है। इस योजना के तहत पानी निकासी के लिए 4 मुख्य बरसाती नाले है और बरसाती पानी नजफगढ़ नाले के माध्यम से यमुना में जाता है तो वही जीएमडीए ने जापान की एक कम्पनी को बरसाती पानी की निकासी की योजना तैयार करने के लिए सलाहकार एजेंसी नियुक्त किया है और इस सलाहकार एजेंसी ने बरसाती पानी के संचयन के लिए 4 विकल्प तैयार किए है। जिसके तहत बारिश के पानी को सोहना और नूंह होते हुए पलवल स्थित यमुना तक पहुंचाया जाएगा तो इसमें दूसरा विकल्प दमदमा झील से जुड़ा है। मौजूदा समय में दमदमा झील करीब 75 एकड़ में फैली है। योजना के तहत सोहना, भौंड़सी, बादशाहपुर, गुरूग्राम, फरीदाबाद के बारिश के पानी को दमदमा झील के पास बनने वाले बांध तक पहुंचाया जाएगा। पानी अधिक होने पर इसे सोहना-भौंड़सी के साथ नूंह और मेवात में सिंचाई में उपयोग में लिया जाएगा और सीवर शोधन संयंत्र के पानी को भी दमदमा झील के पास बने बांध तक पहुंचाए जाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए टनल या बड़ा नाला बनेगा। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि जीएमडीए ने यह योजना केन्द्रीय ऊर्जामंत्री मनोहरलाल खटटर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखकर बताया कि बरसाती पानी को दमदमा झील तक पहुंचाने की योजना के तहत दमदमा झील से ठीक पहले पानी को एकत्रित करने के लिए एक बड़ा बांध बनाने का प्रस्ताव है। जिसके बाद केन्द्रीय ऊर्जामंत्री मनोहरलाल खटटर के आदेश पर ऋषिकेश से टिहरी हाईड्रो डवलपमेंट कारपोरेशन के अधिकारियों की एक टीम ने आज यहां आकर दमदमा झील का निरीक्षण किया और योजना को सिरे चढ़ाने के लिए पूरी जानकारी ली। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि इस योजना के सिरे चढऩे पर सोहना, भौंड़सी, नयागांव, मारूतिकुंज कॉलोनी, बादशाहपुर, गुरूग्राम व आसपास शहरी क्षेत्र को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी, वही दूसरी तरफ सोहना व नूंह के गांवों के खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। वही दमदमा झील की गहराई भी और ज्यादा बढ़ाई जाएगी। बरसाती पानी का बेहतर इस्तेमाल करने के साथ-साथ सिंचाई व बिजली उत्पादन के नए रास्ते खुलेंगे और इसके लिए आगे तकनीकी जांच भी कराई जाएगी।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक को लेकर बदला स्थान : भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बनने उपरान्त भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की 27-28 नवम्बर को सूरजकुंड में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक सूरजकुंड में इस बार स्थान ना मिलने की वजह से अब यह बैठक सूरजकुंड की बजाय दिल्ली में आयोजित होगी। उन्होने बताया कि हरियाणा पर्यटन निगम को समय पर भाजपा की 2 दिवसीय बैठक की जानकारी नही देने की वजह से पार्टी ने ऐन वक्त पर कार्यक्रम स्थल बदल दिया है। उन्होने बताया कि पहले यह 2 दिवसीय बैठक 27-28 नवम्बर को सूरजकुंड में होनी थी लेकिन विवाह-शादियों की बुकिंग और यहां होने वाले मिलेट महोत्सव आयोजन की वजह से अब बैठक का स्थान सूरजकुंड से बदल कर दिल्ली में रखा गया है। उन्होने बताया कि दिल्ली से नजदीक और शांत वातावरण के चलते भाजपा ने कई बार राष्ट्रीय स्तर और महत्वपूर्ण बैठकों के लिए सूरजकुंड को चुना है। यहां होने वाली बैठकों में संगठन की दिशा, राजनीतिक मुददों और आगामी चुनावी तैयारियों पर मंथन होता रहा है। भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि भाजपा की पहली बैठक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में 27-28 नवम्बर को अब दिल्ली में आयोजित होगी। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन को लेकर राज्य भाजपा में भी संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई है और भाजपा की हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी और पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर अर्चना गुप्ता इस दो दिवसीय बैठक के दृष्टिगत संगठनात्मक व्यवस्था, राजनीतिक गतिविधियों और विभिन्न पहलुओं पर विशेष फोकस कर रही है। भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि 27 व 28 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित की गई राष्ट्रीय परिषद बैठक में 5 राज्यों में आगामी होने वाले चुनावों पर भाजपा गहनता से मंथन करेगी। उन्होने बताया कि भाजपा में राष्ट्रीय परिषद को पार्टी संगठन की सर्वोच्च नीति निर्धारक और निर्णय लेने वाली संस्था माना जाता है। उन्होने बताया कि पार्टी संगठन में इस बैठक को आगामी राजनीतिक व चुनावी गतिविधियों के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योकि उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर व पंजाब में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियां इस बैठक के प्रमुख एजेंडे में शामिल रहेगी। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय परिषद की इस बैठक में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ देश भर के विभिन्न राज्यों से पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और प्रमुख नेता शामिल होंगे।

अग्रवाल समाज में भी मन की बात के लिए नजर आ रहा उत्साह : भाजपा नेता रोहित गर्ग

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

